आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 04.05.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी। अंतिम समाचार मिलने तक पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी 184 सीटों पर आगे।
- भारत ने लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को खारिज करते हुए इसे अनुचित बताया।
- हेली सेवा के जरिए श्रद्धालुओं की केदारनाथ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रदेश सरकार सख्त। खराब मौसम में हेलीकॉप्टरों की उड़ान पर पूरी तरह रोक लगाई गई।
- चम्पावत जिले के टनकपुर में नायकगोठ क्षेत्र की महिलाएं ई–रिक्शा का संचालन कर महिला सशक्तिकरण को नई पहचान दे रही हैं।

<u>मतगणना</u>

पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 293 सीटों में से 281 के रूझान मिल रहे हैं। अंतिम समाचार मिलने तक भारतीय जनता पार्टी ने काफी बढ़त बना ली है, जो 184 सीटों पर आगे है। तृणमूल कांग्रेस गठबंधन 94 सीटों पर आगे चल रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब भवानीपुर सीट पर आगे हो गई हैं। वहीं, असम में विधानसभा की सभी 126 सीटों के रूझान मिल रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन ने निर्णायक बढ़त बना ली है और वह 99 सीटों पर आगे है। कांग्रेस गठबंधन 25 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। केरलम में विधानसभा की सभी 140 सीटों के रूझान मिल गए हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यू.डी.एफ. गठबंधन ने निर्णायक बढ़त बना ली है। यह गठबंधन 96 सीटों पर आगे है। एल.डी.एफ. 42 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। भाजपा गठबंधन 2 सीटों पर आगे चल रहा है। तमिलनाडु में विधानसभा की सभी 234 सीटों के रूझान मिल गए हैं। अभिनेता विजय जोसेफ की पार्टी टीवीके 109 सीटों पर आगे है। ए.आई.ए.डी.एम.के. गठबंधन 73 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। डीएमके गठबंधन 52 सीटों पर आगे है। पुद्दुचेरी में विधानसभा की 30 सीटों में से 24 का रूझान मिले हैं। ए.आई.एन.आर.सी. 15 सीट पर आगे चल रही है। कांग्रेस गठबंधन 6 सीट पर बढ़त बनाए हुए है।

## लिपुलेख दावा खारिज

भारत ने लिपुलेख दर्रे पर नेपाल के दावे को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा कि यह दर्रा वर्ष 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का मार्ग है और दशकों से इस मार्ग से यात्रा जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संदर्भ में नेपाल के विदेश मंत्रालय के सीमा संबंधी दावों के बारे में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारत का रुख स्पष्ट है। श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे दावे न तो न्यायसंगत हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों तथा सबूतों पर आधारित हैं। प्रवक्ता ने कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर नेपाल के साथ सार्थक बातचीत के लिए तैयार है।

## जल सरंक्षण

ऊधमसिंह नगर जिले के जसपुर क्षेत्र में गिरते जल स्तर से जूझ रहे स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए सरकार ने जल संचयन के लिए जसपुर की फीका नदी क्षेत्र में परियोजना तैयार करने का फैसला लिया है। लघु सिंचाई के विभागाध्यक्ष और मुख्य अभियंता बी.के. तिवारी ने बताया कि राज्य स्तरीय स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण के तहत टीम ने इस परियोजना के लिए नदी का सर्वे किया। वहीं जिले में आने वाले 17 किलोमीटर नदी के कैचमेंट एरिया के आसपास के 31 तालाबों को गहरा करते हुए जल संचय को बढ़ाने का कार्य भी परियोजना के तहत किया जाएगा।

वहीं अधीक्षण अभियंता पी.के सिंह ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य वर्षा के दौरान बहते जल को संचयित करते हुए गिरते भूजल स्तर को सुधारना है।

## हेली सेवा

प्रदेश सरकार हेली सेवा के जरिए केदारनाथ की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण और नागर विमानन महानिदेशालय, केदारनाथ के लिए उड़ान भरने वाली हेली कम्पनियों पर सख्त निगरानी कर रहा है। खराब मौसम में हेलीकॉप्टरों की उड़ान पर पूरी तरह रोक लगाई हुई है। केदारघाटी में फिलहाल आठ कम्पनियों को अपनी सेवाएं देने की अनुमति मिली हुई है। इन दिनों लगातार मौसम खराब होने से हर रोज सैकड़ों टिकट रद्द करने पड़ रहे हैं। वहीं हेली कम्पनी की प्रबंधक विक्रम सिंह और रीता यादव का कहना है कि केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो, इसके लिए नागर विमानन महानिदेशालय की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

## पिंक ई–रिक्शा

चम्पावत जिले के टनकपुर में नायकगोठ क्षेत्र की महिलाएं ई–रिक्शा का संचालन कर महिला सशक्तिकरण को एक नई पहचान दे रही हैं। ग्रामोत्थान– रीप परियोजना के माध्यम से क्षेत्र की 10 महिलाओं ने एकजुट होकर 'प्रेरणा स्वयं सहायता समूह' का गठन कर 'पिंक ई–रिक्शा' सेवा की अभिनव शुरुआत की। इसके तहत 10 लाख रुपये की परियोजना तैयार की गई, जिसमें 6 लाख रुपये अनुदान के रूप में उपलब्ध कराए गए, जबकि शेष राशि बैंक ऋण और समूह के अंशदान द्वारा जुटाई गई। आज ये ई–रिक्शा टनकपुर के मुख्य बाजार, बैराज क्षेत्र और रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख स्थानों पर दौड़ते नजर आ रहे है। इससे महिलाएं जहां स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, वहीं महिलाओं के लिए सुरक्षित यातायात की सुविधा भी मिल रही है। समूह से जुड़ी कंचन देवी ने बताया कि ई–रिक्शा के संचालन से उनकी आजीविका में सुधार हो रहा है। साथ ही अन्य महिलाएं भी इससे प्रेरणा ले रही हैं।

समूह की अध्यक्ष रामबेटी ने बताया कि ई–रिक्शा के संचालन से समूह की प्रत्येक महिला सदस्य लगभग दस हजार रुपये प्रतिमाह की नियमित आय अर्जित कर रही है।

पिंक ई–रिक्शा केवल यातायात का साधन ही नहीं बन रहे हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के सशक्त प्रतीक भी बन चुके हैं।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी जिलों के अधिकांश स्थानों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। जबकि चार हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं–कहीं बिजली चमकने, ओले गिरने और तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।